**2) Details of Int based achievement dtd. 28/05/2024 :- Surrender of Maoist**

After the information about a hard-core Maoist cadre escaping from the Dalam, a clandestine operation planned by Range Field Team (RFT) and specific task assigned by DC (Int), RFT Gadchiroli to Int Personal of RFT Gadchiroli to trace the Maoist cadre and motivate and persuade him to surrender, under supervision of Sh. Jagdish Narayan Meena, DIG (Ops) CRPF, Range, Gadchiroli.

After 15 days of persistent efforts by Range Field Team under supervision of DC (Int) RFT Gadchiroli, on 28/05/2024 a hardcore Maoist cadre **Viz. Ganesh Gatta Punem (Dy. Comdr. in Bhairamgarh Area Committee Supply Team)**, age 35 yrs, R/o Bechapal, Tehsil Bhairamgarh, Distt. Bijapur (Chhattisgarh) has surrendered before Sh. J. N. Meena, DIG (Ops) Range, CRPF, Gadchiroli. Maharashtra Government had declared a reward of **Rs. 06 Lakh** on his arrest. Later, aforesaid Maoist cadre has been handed over to SP Gadchiroli for the detailed interrogation.

# इनामी नक्सली का आत्मसमर्पण

## छग के अनेक हिंसाचार में था शामिल, पुनर्वास के लिए मिलेगी राशि

■ गड़चिरोली, ब्यूरो. छत्तीसगढ़ राज्य के हिंसक गतिविधियों के साथ विभिन्न मुठभेड़ में शामिल व महाराष्ट्र सरकार से 6 लाख के इनामी नक्सली ने मंगलवार को गड़चिरोली में केंद्रीय आरक्षित पुलिस दल के समक्ष आत्मसमर्पण किया. आत्मसमर्पित नक्सली का नाम छत्तीसगढ़ राज्य के बिजापुर जिले के बेच्चापाल निवासी गणेश गट्टा पुनेम (35) है. गणेश पुनेम वर्ष 2017 में छत्तीसगढ़ के भैरमगड़ क्षेत्र के नक्सलियों की आपूर्ति समिति में सदस्य के रूप में सहभागी हुआ. वर्ष 2018 में उसकी उसी समिति के उपकमांडर पद पर नियुक्ति हुई. तब से वह इस पद पर कार्यरत था. वर्ष 2017 में छत्तीसगढ़ के मिरतूर तथा वर्ष 2022 में तिम्मेनार में हुई मुठभेड़ में वह शामिल रहा. गणेश पुनेम ने केंद्रीय आरक्षित पुलिस दल के पुलिस उपमहानिरीक्षक जगदीश मीणा के समक्ष आत्मसमर्पण किया. इसके बाद उसे गड़चिरोली जिला पुलिस की ओर सौंपा गया. इस समय केंद्रीय आरक्षित पुलिस दल के कमांडेंट नितिन कुमार की प्रमुखता से उपस्थिति थी. गणेश पुनेम ने आत्मससमर्पण करने से सरकार ने उसे पुरस्कार घोषित किया है. आत्मसमर्पण के बाद पुनर्वास के लिए केंद्र व राज्य सरकार की ओर से उसे 5 लाख रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया है.

### अब तक 14 नक्सलियों ने किया सरेंडर

गड़चिरोली पुलिस दल ने व्यापक प्रभावी रूप से नक्सल विरोधी अभियान चलाए जाने से तथा सरकार ने नक्सलियों को आत्मसमर्पण का मौका उपलब्ध कराने से वर्ष 2022 से वर्ष 2024 इस कालावधि में अबतक कुल 14 कुख्यात नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है.

### हिंसा छोड़कर शांति का मार्ग अपनाएं

*विकास कार्यों में बाधा निर्माण करने वाले नक्सलियों पर सक्षम रूप से कार्रवाई करने के लिए जिला पुलिस दल तत्पर है. जिन नक्सलियों को विकास के मुख्य प्रवाह में आने की इच्छा है, उन्हें लोकतंत्र में सम्मान का जीवन जीने के लिए गड़चिरोली पुलिस दल सभी स्तर से मदद कर रहा है. नक्सली हिंसा का मार्ग छोड़कर शांति का मार्ग स्वीकारें.*

*नीलोत्पल, पुलिस अधीक्षक.*

Surrender of Hardcore Maoist **Ganesh Gatta Punem (Dy. Comdr. in Bhairamgarh Area Committee Supply Team)** before DIG (Ops) Range, CRPF, Gadchiroli on 28/05/2024.